भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 955

मंगलवार, 27 जुलाई, 2021/05 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

'अतुल्य भारत अभियान' का पुन: शुभारंभ

955 डा. अमी याज्ञिक:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कोविड के बाद की स्थिति में निकट भविष्य में 'अतुल्य भारत अभियान' को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इस संबंध में कोई अन्य प्रस्ताव है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों बाजारों में अतुल्य भारत को बढ़ावा देता है। इनबाउंड यात्रा पर प्रतिबंधों के कारण, घरेलू घटक पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने और जनता के बीच देश और इसके पर्यटन स्थलों/उत्पादों सहित कम ज्ञात स्थलों, विरासत, संस्कृति, निरोगता, स्थानीय पर्यटन स्थलों आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रोमोशनल गतिविधियां जैसे वेबिनार, ऑनलाइन प्रतिज्ञा और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, किए जा रहे हैं।

सामाजिक मीडिया प्लेटफार्मों और मंत्रालय की वेबसाइट पर भी तथा घरेलू और विदेशो में स्थित भारत पर्यटन कार्यालयों द्वारा भी प्रमोशन बड़े पैमाने पर किया गया है।

(ग): जी, नहीं। फिलहाल इस संबंध में कोई और प्रस्ताव नहीं है।

****